**नोटिस बैनर** टीएमबीयू : स्नातक सत्र 2026-30 सेमेस्टर वन में प्रथम मेधा सूची से 10 जून तक नामांकन

prabhatkhabar.com

## उद्घाटन मुकाबले में टीम एफ ने टीम एच को 11 रन से हराया

**भागलपुर** .भागलपुर की मेजबानी में सेंडिस कंपाउंड स्टेडियम में बीसीए के बैनर तले सोमवार से अंडर-19 महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई . उद्घाटन मुकाबले में टीम एफ ने टीम एच को 11 रन से पराजित किया . एफ टीम की खिलाड़ी प्रतिभा रैनी ( मधुबनी) को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया . इससे पहले जिले के दरौंधा पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. टीम एफ ने टॉस जीतकर 20 ओवर में सात विकेट पर 121 रन बनाये. जवाब में टीम एच ने विकेट खोकर 20 ओवर में 110 रन ही बना सकी . मैच में रेफरी बीसीए पैनल के अंपायर मनोहर कुमार व राघव थे . स्कोरर अंकित व शिवम थे . मंगलवार को टीम एक व जी और दोपहर का मैच में टीम ड और एच के बीच खेला जायेगा. संघ के सचिव डॉ जय शंकर ठाकुर ने बताया कि छाइनल मुकाबला 13 जून को खेला जायेगा . मौके पर खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार, डॉ आनंद मिश्रा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव डॉ जय शंकर ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबीर मुखर्जी, डॉ विष्णाब, डॉ अर्जुन, हसन खान, मनोज कुमार, मेहताब मेहंदी आदि मौजूद थे . संचालन बासुकीनाथ मिश्रा ने किया.

B.TECH AT AMITY PATNA
2026 ADMISSIONS OPEN
#1 RANKED PVT. UNIVERSITY FOR ENGINEERING IN BIHAR
As from rankings of National Institutional Ranking Framework 2025, Ministry of Education, Govt. of India

Amity students have secured placements in top organisations like:
amazon
TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
SAP
Capgemini

Highest package: 42.37 LPA
250+ companies visited campus for placements
97% students secured placements

Learn from Distinguished Faculty who have authored 900+ research publications and have filed numerous IP applications
Join the league of brilliant students who have published 200+ research papers in reputed journals
Pursue live Industry Projects in collaboration with leading organisations like BRC, AIIMS, Coding Blocks, C-DAC...
Get dedicated placement support at the Corporate Resource Centre through internships, live projects, CXO lectures, mock interviews, personality enhancement modules...

B.TECH SPECIALISATIONS OFFERED:
• Computer Sc. & Engg (CSE)
• CSE (AI & ML) • CSE (Data Science)
ADMISSIONS ALSO OPEN FOR:
• BCA • B.Sc. (IT) • BCA + MCA (Dual Degree)
• MCA • Ph.D – IT • Ph.D – CSE

| Scholarship | 100% | 50% | 25% |
|---|---|---|---|
| Agg. %age in XII Boards* | 93%+ | 88%+ | 70%+ |

*CBSE/ISC/State (2026/2025)

Amity University Patna, Bailey Road, Rupaspur
Apply at: patna.amity.edu
Helpline: 73600 30061/2/3/4/5 | 7360030066
AMITY UNIVERSITY PATNA

## सिटी बाइट्स

### निफ्ट में जेएस एजुकेशन के 10 बच्चों का चयन

**भागलपुर** .नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) के सत्र 2025-26 का फाइनल रिजल्ट घोषित हो गया. इसमें जेएस एजुकेशन भागलपुर के 10 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की. छात्र स्नेहुल आनंद ने कैटेगरी रैंक में 11वां स्थान व 33ग्वां कॉमन रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की. सोमवार को जेएस एजुकेशन परिसर में संस्थान की ओर से सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. जेएस एजुकेशन के स्नेहुल आनंद, सौम्या स्वर्ण, तमन्ना श्रीवास्तव, प्रशंसा, शांभवी, शांभवी शिखा, मीनाक्षी कुमारी, सौम्या सुहानी कंडिया, रिया पावनि ने सफलता पायी. इसमें सौम्या स्वर्ण को भी देश में 99वां केटेगरी रैंक मिला. जेएस एजुकेशन के निदेशक राजीकांत मिश्रा ने कहा कि 25 वर्षों में जेएस एजुकेशन के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता पायी है.

### शिक्षकों को प्रोन्नति मिलने की बची प्रक्रिया होगी शुरू

**भागलपुर**.लंबे समय से टीएमबीयू के शिक्षकों को प्रोन्नति का इंतजार है. करीब 125 शिक्षकों को प्रोन्नति के लिए लोकभवन से लेकर उच्च शिक्षा विभाग में कई बार पत्र लिखा जा चुका है. इसी कड़ी में टीएमबीयू प्रशासन शिक्षकों की प्रोन्नति को लेकर बची प्रक्रिया को शुरू करने जा रहा है. विवि अंदरखाने की मानें, तो इस माह तक उन शिक्षकों को प्रोन्नति मिल सकती है. सूत्रों के अनुसारए रविवार को टीएमबीयू के प्रभारी कुलपति प्रो विमलेंदु शेखर झा मुख्यालय आये थे. प्रोन्नति को लेकर बची प्रक्रिया पर गहन मंथन किया. प्रोन्नति से संबंधित बची प्रक्रिया को संबंधित अधिकारी को शुरू करने का निर्देश दिया है. साथ ही संबंधित शाखा को भी इसे जल्द पूरा करने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया है. इसके अलावा प्रोन्नति को लेकर कई और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी निर्णय लिया गया है. अंदरखाने की मानें, तो शिक्षकों का मूल्यांकन व उनका शैक्षणिक दस्तावेज सही मिलने पर ही प्रोन्नति दी जा सकती है. उधर, विवि के सीनेट सदस्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने कुलाधिपति को पत्र लिखकर कर कहा कि सहायक प्राध्यापक कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत अकादमिक स्तर-11 से अकादमिक स्तर-12 में प्रोन्नति के लिए निर्धारित अर्हता पूरी कर चुके हैं. शिक्षकों की प्रोन्नति की देव तिथि भी आ चुकी है.

### सेवानिवृत्त शिक्षक करेंगे क्वार्टर खाली, मिलेगा पत्र

**भागलपुर**. टीएमबीयू के लालबाग प्रोफेसर कॉलोनी स्थित शिक्षकों के कुछ क्वार्टर पर अवैध कब्जा का मामला सामने आया है. ऐसे शिक्षक हैं, जिन्हें सेवानिवृत हुए लंबा समय बीत चुका है. अबतक क्वार्टर में ही जमे हुए हैं. हालांकि, इन्हें विवि की ओर से क्वार्टर खाली करने के लिए कई बार पत्र व मौखिक कहा गया है, मगर सरकारी क्वार्टर खाली नहीं किया गया. ऐसे में विवि के नये शिक्षकों को सरकारी क्वार्टर आवंटित नहीं हो पा रहा है. अब विवि प्रशासन सख्ती बरतने के मूड में है. प्रॉक्टर डॉ मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि क्वार्टर आवंटन समिति की बैठक के लिए निर्देश मिला है, जो शिक्षक सेवानिवृत हो चुके हैं. छह माह से ज्यादा अवधि से सरकारी क्वार्टर में कब्जा जमाये हैं, उन्हें फिर से पत्र भेजा जा रहा है. ताकि नये शिक्षकों को क्वार्टर आवंटित किया जा सके.

### सभी मॉडल स्कूलों में बनाये जायेंगे नये वर्ग कक्ष

**भागलपुर**.सोमवार को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वशिक्षा अभियान बबीता कुमारी ने जिले के मॉडल स्कूल के प्राचार्यों के साथ बैठक की. निर्देश देते हुए कहा कि पहले चरण में सभी 16 मॉडल स्कूलों में वर्ग कक्ष का निर्माण कराना है. छात्र-छात्राओं के लिए मूलभूत संसाधन जैसे डेस्क-बैंच, पेयजल, टॉयलेट की व्यवस्था दुरुस्त करानी है. इसे प्राथमिकता के रूप में देखना है. फिर लैब, लाइब्रेरी आदि को विकसित करने पर ध्यान देना है. साथ ही बताया कि प्रखंड में मॉडल स्कूल व नगर निगम क्षेत्र में जिला स्कूल का स्तर एक समान करने की तैयारी है. सरस्वती विद्या निकेतन या मॉडल विद्यालय में पहले चरण में माध्यमिक शिक्षकों के चयन के लिए आवेदन की प्रक्रिया आठ से 11 जून तक चलेगी, खाली रह गये सीटों के लिए कक्षा नौ और 10 के लिए शिक्षकों का चयन होगा. अब तक 20 शिक्षकों की बहाली कर ली गयी है.

### एसएन कॉलेज में हेल्प डेस्क लगाने से रोकने का आरोप

**भागलपुर**. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसएन कॉलेज प्रशासन पर हेल्प डेस्क लगाने से रोकने का आरोप लगाया है. एबीवीपी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या मुक्ता सिंह ने कहा कि नयी छात्राओं को स्नातक सेमेस्टर वन में नामांकन में परेशानी नहीं हो, इसे लेकर परिषद की तरफ से हेल्प डेस्क लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी. छात्र हित में संचालित ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, न कि बाधित. परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हेल्प डेस्क संचालन की अनुमति सुनिश्चित की जाए.

### आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं शिक्षक

**भागलपुर** .जिले के स्थानीय निकाय में कार्यरत शिक्षकों का वेतन भुगतान मार्च से ही लंबित है. राशि का आवंटन नहीं होने से भुगतान नहीं हो रहा है. इससे शिक्षक एवं उनके परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव रामनवीन कुमार पंकज ने प्रदेश सरकार से वेतन भुगतान की मांग उठायी.

टीएमबीयू .प्रथम मेधा सूची से 10 जून तक होगा स्नातक में नामांकन

# इंटर का अंकपत्र व एसएलसी नहीं मिलने से छात्र परेशान

वरीय संवाददाता, भागलपुर

टीएमबीयू के कॉलेजों में स्नातक सत्र 2026-30 सेमेस्टर वन में नामांकन प्रक्रिया जारी है. दूसरी तरफ फ्लस टू स्कूल से छात्र-छात्राओं की अंक पत्र व स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट (एसएलसी) नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ा है. ऐसे में छात्र-छात्राओं को नामांकन लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. नामांकन प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों से इंटर का अंक पत्र, एसएलसी मांगा जा रहा है. ऐसे में दोनों दस्तावेज कॉलेजों में जमा नहीं कर पा रहे हैं. वहीं, प्रथम सूची से कॉलेजों में नामांकन कराने के लिए छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या पहुंच रही है. कॉलेज नियम के अनुसार नामांकन ले रहे हैं. इसमें फ्लस टू स्कूलों से मिलने वाले एसएलसी दस्तावेज मांगा जा रहा है. विद्यार्थी अंक पत्र की डिजिटल कॉपी को स्कूलों से सत्यापित कराकर नामांकन के समय दे रहे हैं. विद्यार्थियों का कहना है कि उन्हें 20 जून के बाद सीएलसी व अंक पत्र के लिए बुलाया जा रहा है. स्कूलों में ग्रीष्मावकाश चल रहा है. ऐसे में दस्तावेज नहीं मिल रहा है.

उधर, टीएमबीयू के नोडल पदाधिकारी डॉ एएन सहाय ने कहा कि अबतक सभी कॉलेजों में 1980 छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया गया है. प्रथम मेधा सूची से 10 जून तक नामांकन लिया जायेगा.

**कॉलेजों से समर्थ पोर्टल पर नामांकन की जानकारी अपडेट नहीं** : विवि की डीएसडब्ल्यू प्रो अर्चना साह ने सभी कॉलेजों को पत्र भेजा है. कहा कि कॉलेज अबतक समर्थ पोर्टल पर नामांकित छात्र-छात्राओं का प्रतिदिन अपडेट नहीं कर रहे हैं. जबकि सभी कॉलेजों को भेजे निदेश में कहा गया था कि प्रतिदिन नामांकित विद्यार्थियों की सूची पोर्टल पर अपडेट करें. उन्होंने पोर्टल पर नामांकन संबंधित जानकारी शुभ बताये जाने को चिंताजनक व खेदजनक बताया है. डॉ सहाय ने कहा कि समर्थ पोर्टल पर विद्यार्थियों का नाम, पता सहित सभी डेटा अपलोड नहीं किये जाने से भविष्य में उन विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

### चार केंद्रों पर बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा आज से

**भागलपुर**. टीएमबीयू में बीएड सत्र 2025-27 प्रथम वर्ष की परीक्षा मंगलवार से आरंभ होगी. पहली पाली में पेपर सी-वन की परीक्षा सुबह दस से दोपहर एक बजे तक चलेगी. परीक्षा को लेकर एसएम, टीएनबी, मारवाड़ी व बीएन कॉलेज केंद्र में बनाया गया है. परीक्षा नियंत्रक प्रो विनोद कुमार ओझा ने कहा कि परीक्षा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है. सभी केंद्रों पर कॉपी व प्रश्न पत्र भेजा गया है. जिले के 15 बीएड कॉलेजों के करीब 1500 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा नियमानुसार व कदाचार मुक्त संपन्न कराएं.

## विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान व उद्यमशीलता की संस्कृति विकसित करना जरूरी : कुलपति

- संदीप विश्वविद्यालय में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता पर पांच दिवसीय संक्षाय विकास कार्यक्रम संपन्न



**पटना**.संदीप विश्वविद्यालय सिजौल के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नवाचार, अनुसंधान व उद्यमिता में उभरते रुझान विषय पर दो जून से आयोजित पांच दिवसीय शाइद्विज संकाय विकास कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ. आयोजन स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट स्टडीज, निलांदद झा स्कूल ऑफ एजुकेशन व स्कूल ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस ने किया था. इसका उद्देश्य शिक्षकों व शोधार्थियों को नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता के उभरते आयामों से परिचित कराना था. उनकी शैक्षणिक, अनुसंधान व व्यावसायिक दक्षताओं को सुदृढ़ बनाना था. मौके पर संदीप विवि के कुलपति प्रो अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमशीलता की संस्कृति विकसित करना भी आवश्यक है. उन्होंने शिक्षकों को वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर उद्यमिता के बदलते रुझानों, नवाचार के विभिन्न दांचों, अनुसंधान पद्धतियों व स्टार्टअप संस्कृति से परिचित होने की आवश्यकता पर बल दिया. डॉ दिव्यांशु ने उद्यमिता विकास व शिक्षण-अध्यापन विषय पर व्याख्यान दिया. उन्होंने उद्यमिता के प्रभावी शिक्षण, विद्यार्थियों में उद्यमशील मानसिकता के विकास व बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की. मौके पर संदीप विवि के कुलपति प्रो अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमशीलता

## नवस्थापित डिग्री कॉलेजों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति पर लगी रोक

वरीय संवाददाता, भागलपुर

बिहार के नवस्थापित 211 डिग्री कॉलेजों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी गयी है. इसे लेकर लोकभवन के अपर सचिव संजय कुमार ने टीएमबीयू सहित सूबे के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को पत्र भेजा है. कहा गया कि उच्च शिक्षा विभाग के साथ हाल ही में हुई बैठक में नवस्थापित 211 डिग्री कॉलेजों को शीघ्र संचालित करने के लिए गैर-नियमित अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए एक विशेष प्रक्रिया तैयार की जा रही है. यह नियुक्ति मिशन मोड के तहत की जायेगी. ताकि योग्य अभ्यर्थियों का चयन पारदर्शी व सुव्यवस्थित तरीके से किया जा सके.

**नियुक्ति प्रक्रिया की स्पष्टेश्या को लेकर विभागीय स्तर पल रहा विचार** :पत्र में कहा गया कि नियुक्ति प्रक्रिया की रूपरेखा व अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए अभी विभागीय स्तर पर विचार किया जा रहा है. ऐसे में विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे उन नवस्थापित कॉलेजों के लिए किसी भी प्रकार की अतिथि शिक्षकों चयन या नियुक्ति प्रक्रिया को अगले आदेश तक आगे नहीं बढ़ाएं.

**शिक्षा विभाग का निर्देश जारी होने तक नहीं करें नियुक्ति** : लोकभवन से जारी पत्र में साफ तौर पर कहा गया कि उच्च शिक्षा विभाग एवं कुलाधिपति सचिवालय से आगे के निर्देश जारी होने तक किसी भी स्तर पर विश्वविद्यालयों में नियुक्ति संबंधी कार्रवाई नहीं करें. साथ ही पत्र को महत्वपूर्ण बताते हुए तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है.

**अतिथि शिक्षकों को करना होगा इंतजार** : नवस्थापित डिग्री कॉलेजों में अतिथि शिक्षक नियुक्ति के लिए इंतजार कर रहे हैं. अभ्यर्थियों को अब सरकार द्वारा प्रस्तावित नयी चयन प्रक्रिया का इंतजार करना होगा.

## कल्याण हॉस्टल तीन में मच्छर से छात्र परेशान, फॉगिंग की मांग

**भागलपुर**. टीएमबीयू परिसर स्थित जिला कल्याण हॉस्टल तीन में मच्छर का प्रकोप बढ़ने से यहां रहने वाले छात्रों को परेशानी बढ़ गयी है. सौ से ज्यादा विद्यार्थी हॉस्टल में रहते हैं. हॉस्टल अधीक्षक डॉ दीपक कुमार दिनकर ने मामले में नगर आयुक्त को पत्र लिखा है. उन्होंने पत्र में मांग की है कि परिसर में मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारी के खतरा को देखते हुए अविलंब फॉगिंग की जाये.

### सातवीं जिला शतरंज प्रतियोगिता 12 से

**भागलपुर**. जिला शतरंज संघ के बैनर तले सातवीं भागलपुर जिला शतरंज प्रतियोगिता 12 जून से होगी. प्रतियोगिता रियल बायोलॉजी क्लासेस परिसर में क्लासिकल फॉर्मेट में होगी. अधिकारी ने बताया कि संघ से निबंधित खिलाड़ियों को ही प्रतियोगिता में खेलने की अनुमति होगी. अधिक जानकारी के लिए विश्वबंधु उपाध्याय, सुकांती दास व अजय कुमार मिश्रा से संपर्क कर सकते हैं.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baduda
शाखा-भागलपुर, डॉ. आर.पी. रोड, साई मंदिर के सामने, घंटा घर के पास, भागलपुर, 812001, बिहार, भारत, फोन- 8294634951, ईमेल-bhagal@bankofbaroda.com, Web: www.bankofbaroda.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

"परिशिष्ट- IV-A [नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परंतुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए 'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है' एवं 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/संपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र.सं. | उधारकर्ता/ गारंटर / बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल संपत्ति का विस्तृत विवरण, ज्ञात भारों सहित, (मालिक/बन्धककर्ता का नाम) | कुल बकाया राशि (लागीकर्ज ) (ब्याज सहित, दिनांक 31.05.2026 तक) वसूली (यदि कोई हो) घटाकर | ई-नीलामी की तिथि ई-नीलामी का समय प्रारंभ समय __ से समाप्ति समय | 1. आरक्षित मूल्य 2. बयाना राशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि | स्वामित्व की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स दुर्गा पॉलिमर प्रो- श्री अविनाश दत्त मिश्रा | औद्योगिक संपत्ति का समतुल्य बंधक स्थित प्लॉट संख्या डी-51 (भाग), सर्वे संख्या 36 (पी), खाता संख्या 35, बंधकगत 4720 वर्ग फुट, बरारी, थाना संख्या 22, थाना जीरो माइल, लार्ज इंडस्ट्रियल एस्टेट बरारी, उप निबंधन कार्यालय: भागलपुर, जिला: भागलपुर जॉक्ति मेसर्स दुर्गा पॉलीमर्स के स्वामी श्री अविनाश दत्त मिश्रा पिता कवीर प्रसाद मिश्रा के नाम पर। | रु. 42,36,143.62 + अन्य शुल्क + अतिरिक्त ब्याज दिनांक 01-06-2026 से प्रभावी | ई-नीलामी की तिथि: 22-07-2026 ई-नीलामी का समय: दोपहर 14:00 बजे से शाम 18:00 बजे तक | रु. 63,50,120/- रु. 6,35,012/- रु. 10,000/- | सांकेतिक | दिनांक: 18.07.2026 समय: 10:00 से 17:00 |
| 2. | श्री अविनाश दत्त मिश्रा पिता: कवीर प्रसाद मिश्रा | चौहद्दी का विवरण नीचे दिया गया है: - पट्टा विलेख के अनुसार विस्तरण-उत्तर: बिगवाडा चाउंडी,दक्षिण: प्लॉट संख्या डी-51 (पी), पूर्व: औद्योगिक सड़क, पश्चिम: प्लॉट संख्या एनएम मेसर्स सृष्टि सरटर्ड ऑपल एन्ड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | | | | | |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक: https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction एवं ऑनलाइन नीलामी पोर्टल Baanknet.com देखें।
इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से टेलीफोन नंबर/ मोबाइल नंबर 6287633246 पर संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक - 08.06.2026
स्थान – भागलपुर

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्णिया

अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्णिया द्वारा संचालित रक्त सेंटर में जिला पदाधिकारी - सह-अध्यक्ष के आदेशानुसार मशीन उपकरण एवं ब्लड बैग और सैंजेंट सामग्री पूर्तियों के क्रय हेतु सरकारी संस्थान/गैर सरकारी संस्थान / इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता / फर्म से मुहरबंद लिफाफा में दिनांक 25.06.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक द्विलिफाफा पद्धति अनंतर्गत (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफे में) भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्णिया में आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि को ही अपराह्न 04:30 बजे उपस्थित आवृत्त पूर्णिया - सह - अध्यक्ष क्रय समिति, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्णिया के कार्यालय चेम्बर में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन - सह- सचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्णिया के कार्यालय से निविदा प्रकाशन की तिथि से निविदा प्राप्ति के अंतिम तिथि 02:00 बजे अपराह्न तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त इसे जिले के वेबसाईट http:\\purnea.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है

विज्ञापमाजन
सिविल सर्जन -सह- सचिव, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्णिया

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM
INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM GOVT OF INDIA & DEPT OF TOURISM GOVT OF BIHAR)
NCHMCT
BIHAR TOURISM
DEGREE & DIPLOMA IN HOTEL MANAGEMENT

3 Years B.Sc. in Hotel Management Fee:Rs.3,50,000/- Approx.
1½ Year Diploma in F & B Service Fee:Rs.60,000/- Approx.
1½ Year Diploma in Food Production Fee:Rs.82,000/- Approx.

DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course
Degree Awarded by JNU,New Delhi
100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)

हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
ई-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है